an>

Title: Need to increase the number of employees in banks and ensure timely payment of pension to the beneficiaries.

श्री जनार्दन मिश्र (रीवा) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहूँगा कि हमारे जिले में लगभग 85 प्रतिशत सामाजिक सुरक्षा पैंशनधारियों को बैंक से पैंशन मिलती है। लेकिन बैंक के अधिकारियों का सहयोगात्मक रुख नहीं है। वे बेचारे असहाय गरीब आदमी, दो तीन या चार बार बैंक जाते हैं और इस तरह से उनको जो पैंशन मिलती है, वह सारी किराये में चली जाती है। इसके साथ ही साथ जो मुद्रा बैंक की योजना लागू की गई, जो सामाजिक सुरक्षा पैंशन की योजना केन्द्र सरकार ने लागू की, उनके क्रियान्वयन में बैंकों का कोई भी सहयोगात्मक रुख नहीं है। वे उसको फार्मेलिटी मानकर या केन्द्र की सरकार का दबाव, राज्य की सरकारों का दबाव पड़ा तो कुछ आंकड़े इकट्ठे कर रहे हैं, बाकी उनका कोई उत्साहजनक रुख नहीं है, इसलिए मैं आपके माध्यम से वित्त मंत्री जी अनुरोध करूंगा कि बैंकों में इन पैंशनधारियों को एक बार वे जायें, उसी समय, उसी दिन उनको पैंशन की राशि मिल जाये।

जो सामाजिक सुरक्षा पैंशन की योजनाएं केन्द्र सरकार ने लागू की हैं, उनको गरीबों तक पहुंचाने का काम ये बैंक करें। इसके साथ ही मैं केन्द्र सरकार से यह निवेदन करूंगा कि पोस्ट ऑफिसों को तकनीकी रूप से मजबूत बना करके छोटे बैंकों में परिवर्तित करने का काम किया जाये। जयहिन्द।

माननीय अध्यक्ष :

श्री अर्जुनलाल मीणा,

श्री सी.आर. चौधरी,

डॉ. किरिट पी. सोलंकी,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

डॉ. मनोज राजोरिया को श्री जनार्दन मिश्र के साथ सम्बद्ध होने की अनुमति दी जाती है।